p>

Title: Need to construct Railway Over Bridge (ROB) in Harda district and stoppage of Express trains at Betul in Madhya Pradesh.

श्री दुर्गा दास (डी.डी) उईके (बैतूल) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं मध्य प्रदेश की बैतूल हरदा लोक सभा जनजातीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं । मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि मेरे हरदा जिले में रेलवे ओवर ब्रिज की आवश्यकता है । वहां पर घंटों आवागमन बाधित होता है, जिससे मेरे लोक सभा क्षेत्र के हरदा जिले के लोगों को भारी परेशानियों का सामना पड़ता है ।

महोदय, मैं अंडमान एक्सप्रेस के बरबटपुर स्टेशन पर स्टॉपेज की मांग करता हूं । यह मांग अनेक वर्षों से लंबित है । 12159-12160 अमरावती-जबलपुर एक्सप्रेस के स्टॉप के लिए मेरे क्षेत्र की जनता अनेक वर्षों से संघर्ष कर रही है । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि 12539-12540 यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस, 12687-12688 चेन्नई-देहरादून एक्सप्रेस, 16317-16318 कन्याकुमारी-जम्मूतवी हिमसागर एक्सप्रेस, 18245-18246 बिलासपुर-बिकानेर एक्सप्रेस, 18243-18244 बिलासपुर-भगतकोठी एक्सप्रेस, यह जानजातीय लोक सभा क्षेत्र है और मेरे लोक सभा क्षेत्र के भाई-बहन लंबे समय से इनकी मांग करते रहे हैं ।

माननीय अध्यक्ष, बैतूल रेलवे स्टेशन मध्य रेलवे के नागपुर मंडल का महत्वपूर्ण स्टेशन है । यहां पर दो लाख से अधिक की आबादी रेल सेवाओं का उपयोग करती है । उक्त ट्रेनों के स्टॉपेज से नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध मिलेगी । मुझे आपने बोलने का अवसर प्रदान किया इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं ।